संकट हरने बाबा आया है | by Jatin Jindal

जब भी तेरे भक्तों पे कोई संकट आया है
उस संकट को हरने बाबा तू ही आया है

श्री श्याम बहादुर जी दर्शन को आये थे
दरबार तेरे के श्याम ताले बंद पाए थे
वो मोरछड़ी बन कर तू ही तो आया है
जब भी तेरे भक्तों पे कोई संकट आया है

माँ के वचनो का श्याम तूने मान बढ़ाया था
उस वचन के खातिर तो ये शीश गवाया था
दानी तुम जैसा श्याम कोई हो नहीं पाया है
जब भी तेरे भक्तों पे कोई संकट आया है

रो रो कर जब भी श्याम मैंने तुमको बुलाया है
तू खाटू से बाबा नीले चढ़ आया है
जिंदल के अश्क़ों का तूने मोल बढ़ाया है
जब भी तेरे भक्तों पे कोई संकट आया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%9f-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-jatin-jindal/